तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025



12 जिले के 62 हजार 146 संग्राहकों को किया गया चरण पादुका का वितरण





14 नवाखाई पर्व की धूम: 5 दिनों में बिके 5 करोड़ के कपड़े, बाजारों में उमड़ा उत्सव का सैलाब






# जन-मन आवासों की गुणवत्ता पर विशेष फोकस: सीईओ ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला।

जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकार ने गुरुवार को जन-मन आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण ग्राम पंचायत रसेला, दादरगांव नया और देवरी सहित कई गांवों में किया गया। इस दौरान सीईओ ने हितग्राहियों के अधूरे आवासों की स्थिति देखी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन हितग्राहियों को प्रथम या द्वितीय किश्त मिल चुकी है, वे तुरंत आवास निर्माण शुरू करें अथवा उसे शीघ्र पूर्ण करें।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, रफ्तार और पारदर्शिता को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि आवास के साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को भी अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।

**स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद :** निरीक्षण के समय जनपद सीईओ सतीश चन्द्रवंशी, मनरेगा पीईओ रमेश कंवर, उद्यानिकी विभाग से सुमीत कुमार साहू, इंजीनियर पवन ध्रुव, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, सचिव रूपसिंह यादव, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, रोजगार सहायक तेजराम ध्रुव और मेट डोमन ध्रुव भी उपस्थित थे। सीईओ ने सभी से कहा कि समय-समय पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहें और हितग्राहियों को आवश्यक तकनीकी सहायता भी दें।

**रसेला, दादरगांव और देवरी में किया निरीक्षण, लाभार्थियों से की सीधी बातचीत**

### निर्माण कार्यों में तेजी और पारदर्शिता हो सुनिश्चित

सीईओ ने कहा कि जन-मन आवास योजना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है और इसके तहत एक-एक लाभार्थी तक सुविधा पहुंचना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवास निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और शिकायतों का तत्काल निपटारा किया जाए। इसके साथ ही, समयसीमा में कार्य पूर्ण कर हितग्राहियों को पूर्ण सुविधा मिलनी चाहिए।



### ब्लॉक प्लांटेशन और स्व-सहायता समूह की भूमिका

रसेला में जन-मन आवासों के निरीक्षण के बाद सीईओ प्रखर चन्द्राकार ने ब्लॉक प्लांटेशन का भी जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से पौधों की नियमित देखरेख की अपील की। साथ ही, उद्यानिकी विभाग को निर्देश दिया कि प्लांटेशन क्षेत्र की बाउंड्री के चारों ओर बांस के पौधे लगाए जाएं। इस अवसर पर महिलाएं लामेश्वरी कोमर्रा, सेवती ठाकुर, लकेश्वरी ध्रुव, कमलेश्वरी यादव, श्यामा ध्रुव, लीतेस ध्रुव और निसार बेगम मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता कार्यशाला में भाग लेने जाएंगे नवापारा अध्यक्ष और सीएमओ





**नवापारा-राजिम।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत गुजरात के सूरत में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय कार्यशाला में नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं सीएमओ लवकेश पैकरा भाग लेने गुजरात जा रहे है। गुजरात के सूरत में 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है जहां ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के अवलोकन एवं अध्ययन करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के 28 नगरपालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ शामिल होंगे उसमें नवापारा अध्यक्ष एवं सीएमओ रहेंगे। अध्यक्ष ओमकुमारी ने बताया कि राज्य एवं शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सूरत में कार्यशाला का आयोजन शासन का सराहनीय पहल है। अध्ययन एवं अवलोकन के माध्यम से बड़े शहरों में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी प्राप्त होगी।

### कार की टक्कर से क्लर्क घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से कमरौद हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ क्लर्क घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी ने कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है। पुलिस को अयोध्या नगर निवासी बाबूलाल साहू ने बताया कि वह सहायक ग्रेड 03 क्लर्क के पद पर कमरौद हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ है। 27 अगस्त को अपने घर से स्कूटी स्कूल कमरौद जा रहा था, करीब 9.45 से 10 बजे के बीच झालखम्हरिया के पास पहुंचने पर पीछे से सफेद रंग का कार के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोट आई। मामले में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 मो.व्ही. एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## सूचना के अधिकार के तहत हुआ खुलासा, किसान ने एसपी से की कार्रवाई की मांग

# सिंचाई विभाग में करोड़ों की गड़बड़ी उजागर सब डिवीजन में बिना मरम्मत हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम/ छुईहा बेलर

सिंचाई विभाग की कथित लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला फिंगेश्वर सब डिवीजन में फिर से उजागर हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम रोबा, पेंड्रा, भसेरा, पाली, फुलकर्रा, सिर्रीकला, पसौद के नहरों में बिना कोई कार्य किए लगभग 4.67 लाख रुपए कोरबा के एक ठेकेदार को भुगतान कर दिए गए। किसानों ने सूचना के अधिकार के तहत इस गड़बड़ी का खुलासा किया है और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

- नहरों की दयनीय स्थिति से किसानों में रोष

किसान यादराम साहू ने बताया कि नहरों में घास उगी हुई है और मिट्टी जमा होने के कारण पानी का बहाव बाधित हो रहा है। इसके बावजूद सिंचाई विभाग ने मरम्मत कार्य न करके ठेकेदार को भुगतान कर दिया। क्षेत्र के किसानों ने कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर नहरों की उचित मरम्मत कर खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग की है।


ये कार्य वित्तीय वर्ष 24-25 में होना बताया गया हैं। जो भुगतान हुआ है उसमें एक फर्म को 2,34,466 रुपए और दूसरा फर्म को 2,33,156 रुपए। कुल राशि 4,67,622 होता हैं। जानकारी के मुताबिक बिना कार्य किए ही 2300 बोरियों को मेंटेनेंस कार्य में लगाया गया बताया जा रहा हैं। विभाग के जिम्मेदार ने भसेरा माईनर 1 एवं 2 चैन क्रमांक 1380 से 1464 में 4.80 मीटर के हिसाब से 4 जगह टूटना बताया। 1465 से 1470 में 3.60 मीटर के हिसाब से 5 जगह टूटना एवं 1471 से 1478 ▸▸ शेष पेज 12 पर






### क्या कहते है अधिकारी

इस संबंध में वी वी मलैया,एसडीओ सिंचाई अनुविभाग फिंगेश्वर ने कहा कि किसानों ने जानकारी निकाली उनकी मांग पर स्थल निरीक्षण किसानों के साथ किया। मरम्मत कार्य मौके पर नहीं दिखा। माइनर नहरों में इतना क्षतिग्रस्त संभव भी नहीं है, जितना कि लंबाई क्षतिग्रस्त बताया गया है। ऐसे में तो नहरों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। जांच के लिए डिवीजन कार्यालय से मार्ग दर्शन मांगा गया है।





### किसान ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग

ऊगे घास की भी सफाई नही कराया ऊपर से मिट्टी पटा हुआ है तो कहां से किसानो के खेतो तक पानी पहुंचेगा? इसका खुलासा तब हुआ जब रोबा गांव के किसान यादराम साहू ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी ली। इस किसान ने मामले की जांच कर दोषी अधिकारी के ऊपर कार्यवाही की मांग किया हैं। किसान यादराम साहू ने बताया कि नहर में जो घास ऊगा हैं और मिट्टी से पटा हुआ हैं। उसे भी सफाई नहीं कराया गया हैं। जिसके कारण पानी का बहाव आगे रफ्तार में नही बढ़ सकता इसे लेकर क्षेत्र के किसान कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए नहरों से उनके खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग की। बता दें कि यह विभाग अभी हाल ही में सीएम विष्णुदेव साय के पास हैं। किसान यादराम साहू ने मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी पर कार्यवाही की मांग एसपी गरियाबंद से किया हैं। उन्होने लिखित शिकायत पत्र एसपी को प्रेषित किया है।



## घर घर विराजे गणपति ढोल नगाड़ों से किया गया स्वागत

**नवापारा-राजिम।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर में खास चहल पहल रही। गणपति जी की स्वागत सत्कार के साथ घर एवं पंडालों में स्थापना की गई। सुबह से ही ट्रैक्टर, छोटा हाथी एवं कई अन्य छोटे बड़े वाहनों में गणपति जी को सवार कर घरों एवं पंडालों में लाकर विधिवत स्थापना की गई। दिन भर पंडालों में मंत्रोच्चार की आवाज गूंजती रही।

शहर के कई शासकीय एवं निजी कार्यालयों में ग्यारह दिनों के लिए गणपति जी की विधिवत स्थापना की गई। युवाओं एवं बच्चों में खास उत्साह गणेश चतुर्थी का देखा गया। बच्चे घरों में गणेश जी के लिए तोरण, पताका, झालर से आकर्षक सजावट कर गणेशजी स्थापित किया गया। नगर के कई युवा संगठनों द्वारा मोहल्ले, चौक-चौराहों में भव्य पंडाल बनाकर बड़ा गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है। ग्यारह दिनों तक शहर के घरों एवं चौक चौराहों में गणेश जी विराजमान रहेंगे तथा धूमधाम से पूजा होगी।

## मोटरसाइकिल से निकला नागराज, मंचा हड़कंप

**मैनपुर।** मैनपुर नगर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक मोटरसाइकिल से अचानक नाग सर्प निकल आया। घटना बिजली कार्यालय के सामने स्थित एक विद्युत दुकान के बाहर की है, जहां भाठीगढ़ से आए दो युवक बाइक क्रमांक सीजी 23 एच 6211 से सामान खरीदने पहुंचे थे।

- हेडलाइट के पास फन फैलाकर निकला नागराज, डर से कूद पड़े युवक

जैसे ही वे वापसी के लिए बाइक पर बैठे, हेडलाइट के पास से नागराज फन फैलाते हुए बाहर निकला, जिसे देखकर दोनों युवक डर के मारे कूद पड़े। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई, और नाग को बाहर निकालने के लिए कई तरह के प्रयास किए गए। यह घटना मैनपुर नगर में दिनदहाड़े हुई, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। स्थानीय प्रशासन या वन विभाग को इस तरह की घटनाओं पर सावधानीपूर्वक नजर रखने की जरूरत महसूस की जा रही है।





### कैसे बाइक के भीतर पहुंचा नागराज

स्थानीय युवक ने बताया कि दुकान के पास नदी और नाले हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वहीं से नाग बाइक के भीतर घुस गया। युवक का कहना था कि जब वह दुकान में सामान लेने गया, उसी दौरान सांप मोटरसाइकिल के भीतर छिप गया, जो हेडलाइट के पास जाकर बैठ गया था। इस असामान्य घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी।

### मिट्टीतेल से निकला समाधान

स्थानीय लोगों ने नाग को निकालने के लिए कई प्रयास किए लेकिन असफल रहे। बाद में बाइक के चारों ओर मिट्टीतेल का छिड़काव किया गया, जिससे सांप बाहर निकलकर पास की नदी की ओर चला गया। इसके बाद ही युवक और वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

## 29, 30 व 31 अगस्त को होगा राष्ट्रीय खेल दिवस का भव्य आयोजन

**गरियाबंद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा कलेक्टर बी.एस. उइके के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन जिला मुख्यालय गरियाबंद के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम खेल मैदान में किया जायेगा। प्रभारी खेल अधिकारी नवीन भगत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 29 अगस्त 2019 को ही फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया गया था। जिसके तारतम्य में भारत सरकार द्वारा 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के आयोजन किया जायेगा।

**विभिन्न खेलों का होगा आयोजन:** राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को खेल मैदान, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम गरियाबंद में कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी एवं मनोरंजनात्मक खेल प्रतिस्पार्धाओं एवं खेल से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद तथा फिटनेस टॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 30 अगस्त 2025 को इंडोर बैडमिंटन हॉल में बैडमिंटन खेल का आयोजन एवं 31 अगस्त 2025 को संडेज ऑन साईकल ▸▸ शेष पेज 12 पर

## जनलेवा हमले का आरोपी जेल दाखिल



**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र उपरपारा गोडिन्न तालाब के पास 20 अगस्त को अभिषेक धुरव पर जानलेवा हमला किया गया था इस मामले मे अभनपुर थाना मे अपराध पंजीबद्ध किया गया था लेकिन आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर था। आरोपियो को पकडऩे के लिए अभनपुर पुलिस लगातार तलाश कर रही थी 27 अगस्त को घेराबंदी कर ओमप्रकाश साहू उम्र 23 साल निवासी ग्राम हसदा 2 को गिरफ्तार कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

गौरतलब है कि विगत 20 अगस्त को प्रार्थी अभिषेक ध्रुव दीपक साहू ढाबा मे काम करने गया था रात्रि मे ओमप्रकाश साहू व बीरेन्द्र साहू ग्राम हसदा 2 खाना खाने गये हुये थे जान पहचान होने के कारण उसे साथ लेकर घूमने का बहाना बना कर निकले तथा उपरपारा गोडन्न तालाब के पास ले जाकर उसके साथ किसी नुकीली वस्तु व बेल्ट से मारपीट कर वहां से भाग निकले जिससे अभिषेक ध्रुव के दोनो गाल,पीठ,बायां जांघ व पसली एवं कई जगह चोटे पहुंची थी, प्रार्थी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351(2),115(2), 3(5),118 (1) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

**गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में करा चुकीं है नाम दर्ज**

# दिल्ली में राष्ट्रीय कल्चुरी गौरव सर्वोच्च सम्मान से साक्षी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद/ पाण्डुका

नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाली 11वीं की छात्रा साक्षी जायसवाल को दिल्ली में राष्ट्रीय कल्चुरी गौरव सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है।

- पाण्डुका नवोदय विद्यालय की कक्षा 11वीं की छात्रा

साक्षी वायरलेस संचार तकनीक का आविष्कार कर प्रदेश की पहली बालिका साइंटिस्ट बन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुकी है।

अखिल भारतीय कलवार, कलाल, कलार महासभा, दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में गरियाबंद जिले के पाण्डुका नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं की छात्रा साक्षी जायसवाल को राष्ट्रीय कलचुरी गौरव सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया। दिल्ली के हरिमंदिर, गुरुतेग बहादुर नगर में संपन्न राष्ट्रीय अधिवेशन में देश विदेश से आए प्रतिभागियों के बीच कुल 19 व्यक्तियों को इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। यूपी के कैबिनेट मंत्री रविंद्र जायसवाल ने यह सम्मान दिया गया। साक्षी के पिता पीएल जायसवाल बेमेतरा जिले के डीएवी स्कूल के प्राचार्य हैं। माता सुनीता जायसवाल एसवी इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य हैं।



### भाई भी है बाल वैज्ञानिक

साक्षी का भाई पियुष जायसवाल 13 वर्ष की उम्र में वैज्ञानिक होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुका है। उन्होंने लेखक, व रिसर्चर के रूप में मात्र 13 वर्ष में पीएचडी के सर्टिफिकेट प्राप्त करने के साथ आइंस्टीन के रिकॉर्ड को तोड़ चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ की पहली बालिका साइंटिस्ट

दो साल के शोध के बाद पाण्डुका में पढ़ते पढ़ते साक्षी जायसवाल, प्रकाश का उपयोग करके डेटा स्थानांतरण हेतु वायरलेस संचार तकनीक का आविष्कार करने वाले पहली बालिका बनी। यह उपलब्धि गोलडन बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज है। साथ ही छत्तीसगढ़ के 12 वर्ष में सबसे कम उम्र में बालिका सांइटिस्ट बनने का गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। बेटी की इसी उपलब्धि के लिए समाज ने उसे सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया। आयोजन को लेकर अखिल भारतीय कलवार कलाल कलार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव किशोर भगत ने बताया कि, संस्था की ओऱ से हर वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले स्वजातीय सेवियों को 'कलचुरी रत्न', 'कलचुरी गौरव' और 'कलवार श्री' अवार्ड प्रदान किए जाते हैं। साक्षी जायसवाल को कलचुरी गौरव ' सम्मान के लिए चयनित कम उम्र में मिली बड़ी उपलब्धियों के चलते किया गया।हम उनकी उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**फिंगेश्वर/छुईहा बेलर।** पुलिस द्वारा 7 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की। नशे के विरुद्ध नया सवेरा अभियान के अंतर्गत आज मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पतोरी एक व्यक्ति अपने घर के बाजू बाड़ी में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा टीम तैयार कर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पहुंच घेराबंदी कर संदेही कमलेश गंधर्व पिता स्व. दीपक गंधर्व उम्र 29 साल साकिन पतोरी थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद को घर में पकड़ लिया। संदेही कमलेश गंधर्व के बाड़ी से एक सफेद रंग की 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक की जरकीन में कच्ची महुआ शराब जैसे तरल पदार्थ भरा हुआ। जरकीन में 7 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किया गया।



## खबर संक्षेप

### दो लोगों से महुआ शराब जब्त



**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने कौड़िया तिराहा में दो लोगों के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में बैठकर महुआ शराब रखकर कौडिया की ओर जा रहे हैं। इसके बाद बाइक को रोककर दोनों का नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम सुनील ध्रुव पिता दशरथ ध्रुव (23 साल), रेल कुमार ध्रुव पिता गौरीशंकर ध्रुव (22 साल) सेवैयाकला बताए। आरोपियों के कब्जे से कुल 20 लीटर कीमत 4000 रुपए, एवं एक मोटर सायकल कीमत 25000 रुपए कुल कीमत 29000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ओडिशा निर्मित शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने सोसायटी चौक छोटे खेमड़ा में एक व्यक्ति के कब्जे से ओडिशा निर्मित शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी अमीर कुरैशी पिता मनसुर कुरैशी 57 साल वार्ड नं. 21 सुनसुनिया थाना बागबाहरा के कब्जे से 110 पाउच हिरण छाप ओडिशा राज्य निर्मित शराब कुल 22 लीटर कीमत 5500 रुपए और नगदी रकम 250 रुपए, एक मोटरसायकल को जब्त किया है।मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पेज 11 के शेष

### सिंचाई विभाग में ...

तक 3 मीटर के हिसाब से 6 जगह टूटना बताया गया। भसेरा,फुलकर्रा,पेंड्रा माईनर में 4 और 4 दो जगह 4.80 वा 2.50 मीटर बताया गया हैं। इस तरह कागज में खेल कर कोरबा के ठेकेदार को 2,34,466 रुपए का भुगतान किया गया। दूसरा माईनर सिरींकला 1 एवं 2 माईनर पाली,पसौद में चैन क्रमांक 1479 से 1528 में 4.80 मीटर के हिसाब से 4 जगह टूटना,1529 से 1564 में 3.60 मीटर के हिसाब से 5 जगह टूटना,1565 से 1570 में 3 मीटर के हिसाब से 6 जगह टूटना बताया गया हैं। पाली माईनर 4.50 मीटर के हिसाब से 4 जगह टूटना, पसौद माईनर 2.50 मीटर के हिसाब से 4 जगह टूटना बताया गया हैं। इस तरह कागज में खेल कर कोरबा के ठेकेदार को 2,33,156 रुपए का भुगतान किया गया। ये पूरा कारनामा कागज में हुआ और राशि निकाल ली।

### 29, 30 व 31 ...

कार्यक्रम के अंतर्गत सायकल रैली का आयोजन जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में प्रातः 08.00 बजे से प्रारंभ की जायेगी। राष्ट्रीय खेल दिवस में जिला खेल संघ के पदाधिकारी गण, एवं 2024-25 में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ी को सम्मानित किया जायेगा। खेल दिवस में महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

# कीचड़ और पानी से भरा कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर मार्ग, लोगों को हो रही असुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम।

देश-विदेश में प्रसिद्ध त्रिवेणी संगम के निकट स्थित भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने वाला मार्ग बारिश के बाद कीचड़ और पानी से भर गया है। मगरलोड और नवापारा की ओर से इस मंदिर तक पहुंचने के लिए केवल यही एकमात्र रास्ता है, जो वर्तमान में बेहद खराब हालत में है। श्रद्धालु, विशेषकर तीज के मौके पर, इस कीचड़ भरे रास्ते पर सावधानी से चलने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोग आरोप लगाते हैं कि यह क्षेत्र धमतरी जिले में आता है, लेकिन वहां के अधिकारी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नतीजतन, रोजाना हजारों श्रद्धालु इस मार्ग पर चलकर पूजा-अर्चना के लिए आते हैं, परंतु गड्ढों और कीचड़ के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सौभाग्य से अभी तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई, लेकिन युवतियां और बाइक सवार रोजाना फिसलते-डगमगाते हुए गुजरते हैं।

**मार्ग की वर्तमान स्थिति :** मगरलोड और नवापारा की ओर से भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग बारिश के बाद कीचड़ और जलभराव से भरा हुआ है। यह रास्ता गड्ढों से भरा होने के कारण श्रद्धालुओं को पैदल चलने में भी भारी दिक्कत हो रही है। कई बार स्कूटी सवार युवतियां गिरने की स्थिति में आ जाती हैं। बाइक सवार भी संभलते-डगमगाते हुए सुरक्षित मार्ग से निकलने की कोशिश करते हैं।

### भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचना हुआ मुश्किल





### नहीं हो पाया है कोई भी मरम्मत का काम

इस क्षेत्र की देखरेख धमतरी जिले के अधिकारियों के अधीन है, जो इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। स्थानीय लोग बार-बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन किसी भी स्तर पर मरम्मत या सुधार का कार्य नहीं हुआ है। परिणामस्वरूप न केवल श्रद्धालुओं बल्कि आसपास के ग्रामीणों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## विष्णुदेव सरकार ने एक और वादा पूरा किया, 90 प्रतिशत लोगों को बांट चुके

# जिले के 62 हजार 146 संग्राहकों को किया गया चरण पादुका का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





चुनाव से पहले भाजपा ने वायदा किया था कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर फिर चरण पादुका योजना प्रारंभ की जाएगी। राज्य में भाजपा की सरकार और विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही तेंदूपत्ता संग्राहको से किया गया एक और वादा पूरा किया गया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के चेहरे पादुका मिलते ही खुशी से खिल उठे।

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर, देवभोग, फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद में कुल 62 हजार 146 लोगों को चरण पादुका का वितरण किया गया है। जिसमें मैनपुर विकासखण्ड में 15 हजार 397, फिंगेश्वर में 5 हजार 913, देवभोग में 3 हजार 107, छुरा में 21 हजार 414 एवं गरियाबंद में 16 हजार 315 लोगों को चरण पादुका वितरण किए जाने की जानकारी वन विभाग द्वारा दी गई है।

### 2005 में शुरू की गई थी योजना

ज्ञात हो कि चरण पादुका योजना की शुरूआत सन 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की सरकार द्वारा की गई थी। उसके बाद राज्य में कांग्रेस की सत्ता आने के बाद इस जनकल्याणकारी योजना को बंद कर दिया गया था। एक बार फिर भाजपा के सत्ता में लौटने के बाद इस योजना को बहाल करने का फैसला लिया गया है। चरण पादुका योजना के तहत तेंदूपत्ता एकत्र करने वाले संग्राहकों हर वर्ष एक जोड़ी जूता या चप्पल मुफ्त दिये जाते हैं।

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शर्मा ने कहा राज्य में भाजपा की विष्णुदेव सरकार की प्राथमिकता हमेशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय और सुविधा पहुंचाना है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का राज्य की अर्थव्यवस्था और वनोपज आधारित आजीविका में अमूल्य योगदान है। चरण पादुका योजना हमारे सरकार के संकल्प पत्र का वादा था, जिसे पूरा किया गया है।

### चरण पादुका बांटी गईः श्रीवास्तव

वन विभाग तेंदूपत्ता एसडीओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया गरियाबंद जिले में 62 हजार 146 हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण किया गया है। लगभग 90 प्रतिशत वितरण का कार्य हो चुका है।

# घर घर विराजे गणपति बप्पा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

परसठ्ठी क्षेत्र में अनेक घरो पर गणेश चतुर्थी पर गणपति बप्पा विराजे गये। सार्वजनिक मोहल्लों के पांडालों में में समीति द्वारा विराजित करने के लिए गणपति प्रतिमा ढोल-नगाड़ों से ले जाते नजर आए।

बुधवार को गणेश चतुर्थी होने से इसका महत्व और बढ़ गया है क्योंकि बुधवार का दिन ही गणेश जी की जन्म होने से आराधना के लिए समर्पित भाव और बढ़ गया।इस अवसर पंडित भुपेंद्र महाराज पूजा में गणेश जी को पंचामृत, जनेऊ, हल्दी, चंदन, कुमकुम, अक्षत, पीले फूल, फल, धूप, दीप, वस्त्र, दूर्वा और आम पत्ते का तोरण आदि अर्पित करें। गणेश जी की पूजा विधि मंत्र और आरती कर 11 दिन के लिए स्थापित किए गए। बप्पा को मोदक और लड्डुओं आदि का भोग लगाएं। अंत में राजेश, भुपेंद्र महराज ,त्रिलोचन ,राजेन्द्र,कुमार कुमार, डॉली,सपरिवार सहित गणेश जी के मंत्रों व आरती का पाठ कीया और सभी लोगों में प्रसाद बांटें।

## श्री अखंड रामनाम सप्ताह का शुभारंभ



**राजिम।** किसान सेवा समिति के तत्वावधान में श्री अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन बुधवार से पूरे एक सप्ताह तक भक्तिभाव के साथ चलेगा। राम सप्ताह के इस आयोजन में शहर के नागरिक रामनाम का जाप करेंगे।

## 2019 से पहले का वाहन को एचएसआरपी पोर्टल में अपलोड करना हुआ अनिवार्य, विभाग सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट लोगों के लिए एक और परेशानी की वजह बनने वाली है क्योंकि अगर 2019 से पहले का वाहन पर नये एचएसआरपी नंबर वाहन पोर्टल में अपलोड नहीं होने पर गाड़ी बेच सकेंगे न आरसी में बदलाव नहीं करा पाएंगे। परमिट जैसी सेवाएं लोगों को नहीं मिल पाएगी। एचएसआरपी नंबर प्लेट बनने के बाद ही अगला कार्य हो पाएगा। इसके अलावा अब जुर्माना भी लगाया जा सकता है। एक अप्रैल 2019 से पहले का वाहन उपयोग कर रहे हैं तो एचएसआरपी नंबर प्लेट का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। जिले में एक लाख 78 हजार वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने का लक्ष्य है। 13242 वाहनों में लगाए जा चुके हैं। 18 हजार वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। जिन्हें शीघ्र ही एचएसआरपी नंबर प्लेट मिल जाएंगे। वहीं अन्य वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा शिविर लगाया जा रहा है।

## नियमों की अनदेखी, 8 महीने में 365 दुर्घटनाएं, 234 की गई जानें

**महासमुंद।** यातायात नियमों की अनदेखी, लापरवाही और नशे में वाहन चलाने के कारण जिले में सड़क हादसों का सिलसिला नहीं थम रहा है। आएदिन सड़क दुर्घटना में किसी न किसी की जान जा रही है। पिछले 8 महीने में जिले में कुल 365 दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें अब तक कुल 234 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 327 घायल हो चुके हैं। बीते 22 अगस्त को ग्राम निसदा निवासी तोरण निषाद पिकअप क्रमांक सीजी 04 एनसी 5109 में घोड़ारी से बरबसपुर जा रहा था। इस दौरान नेशनल हाईवे-53 ओवरब्रिज के आगे ग्राम घोड़ारी के पास बिना संकेतक खड़ा वाहन जीजे 12 बीजेड 0060 से भिड़ गई। हादसे में तोरण की मौत हो गई। वहीं कुछ दिन पहले ही शहर के तुमगांव ओवरब्रिज के पास एक सब्जी व्यवसायी को एक टेंकर ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे व्यवसायी की मौके पर ही मौत हो गई। ऐसी कई दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है। अधिकतर दुर्घटनाएं नशा और लापरवाही और बिना हेलमेट के कारण हुई है। जिले में 7 ब्लैक व 2 ग्रे-स्पॉट है।

# राजिम की सड़कें खस्ताहाल दुर्घटना की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम शहर की सड़कें गंभीर रूप से जर्जर हो चुकी हैं। शहर के किसी भी मार्ग पर चलें, कहीं भी आपको सुचारू और सुरक्षित सड़क नहीं मिलेगी। सड़कों पर गड्ढों से लेकर उबर-डिपर तक की भरमार है, जो रोजाना गुजरने वाले वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए गंभीर खतरा बन गई हैं।

- मस्जिद के सामने गहरा गड्ढा करीब दो माह से पुलिस स्टॉपर से सुरक्षित

गरियाबंद रोड पर मस्जिद के सामने एक बड़ा गड्ढा है, जिसे सुरक्षा के लिए कोई सज्जन ने पुलिस स्टॉपर रख दिया है। यह स्टॉपर करीब दो महीने से सड़क पर रखा हुआ है, लेकिन स्थानीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दे सके हैं। इस मार्ग से सैकड़ों मालवाहक, यात्रियों से भरी गाड़ियां गुजरती हैं, जिनकी सुरक्षा दाव पर लगी हुई है।



### मस्जिद के सामने खतरनाक गड्ढा

गरियाबंद रोड पर मस्जिद के सामने सड़क में एक बड़ा गड्ढा करीब दो महीने से पड़ा हुआ है। इसे किसी सज्जन ने दुर्घटना से बचाने के लिए पुलिस स्टॉपर से घेर रखा है।

हालांकि, विभागीय अधिकारी गड्ढे की मरम्मत करने में असमर्थ दिख रहे हैं, जिससे राहगीरों की जान को खतरा बना हुआ है।

### सड़कों पर मवेशियों का खतरा

राजिम की सड़कों पर लावारिश मवेशियों का जमावड़ा एक बड़ी समस्या बन गया है। मवेशी सड़क किनारे बैठते रहते हैं, जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस इस समस्या पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं, और आम जनता को असुविधा और खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

## शिव मंदिरों एवं घरों में सजा फुलेरा, पूजा अर्चना के बाद तोड़ा व्रत

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए भगवान शिव की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मंगलवार एवं बुधवार के दिन शिवालयों में हरितालिका तीज पर्व पर सुहागिनों की भीड़ देखने को मिली। जहां महादेव एवं पर्वती की पूजा कर पति की दीर्घायु की कामना की गई। मायके पहुंची सुहागिनों में विशेष उत्साह देखा गया।

जिला मुख्यालय में स्थित शिवालयों सहित समीपस्थ ग्राम बम्हनी के प्रसिद्ध बम्हनेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार की सुबह महिलाओं ने सफल दांपत्य के लिए शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर तीज व्रत कथा का श्रवण किया एवं बुधवार को सुबह पारण करने से पूर्व शिव की पूजा अर्चना कर पति के दीर्घायु की कामना की गई। वहीं कई महिलाओं ने अपने घर में ही मिट्टी से शिवलिंग का निर्माण कर पूजा-अर्चना की।

व्रतियों ने नई साड़ी व विविध आभूषणों से सजने के साथ हाथों में मेहंदी लगवाई। विविध व्यंजन भी बनाए गए। महिलाओं का मानना है कि इस त्यौहार में उपवास का विशेष महत्व है। सुहाग के दीर्घायु की कामना के साथ सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए भगवान से विनती की गई।



### ठेठरी, खुरमी की उठी महक

तीज पर्व में महिलाओं ने बुधवार के दिन पारण करने के लिए विभिन्न प्रकार के पांरपरिक व्यंजन विशेषकर ठेठरी, खुरमी, कुसली, चौसेला, गुजहा, सोहारी, अइरसा रोटी बनाई गई। महिलाए जब अपने मायके से ससुराल जाएंगी तब विभिन्न शगुन के साथ तीजा रोटी, ठेठरी, खुरमी देकर विदा किया जाएगा।

### सहेलियों से मिलने का उल्लास

तीज पर्व में मायके पहुंची महिलाओं ने कहा कि अपने बचपन की सहेलियों से मिलने का उल्लास रहा। पूजा-अर्चना के बाद एक दूसरे से सुख-दुख की बातें की जाती रही। शादी के बाद पहली बार मायके पहुंची बेटियों में पर्व को लेकर अधिक उत्साह रहा। सुहागिनों के अलावा कुंवारियों ने भी सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए उपवास रखा।



### खरोरा में मनाया हरितालिका तीज पर्व

ग्राम खरोरा में हरितालिका तीज का त्योहार 26 अगस्त मंगलवार को मनाया गया। सुबह से ही घरों और मंदिरों में अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अविवाहित महिलाएं सुयोग्य वर की कामना के लिए व्रत करती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन माता पार्वती ने महादेव को कठिन तपस्या कर पति के रूप में प्राप्त किया था। इसलिए इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थनाएं करती हैं। हरे रंगे के परिधानों में 16 शृंगार कर पूजा-पाठ किया गया।

### अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**सरायपाली।** तीज का पर्व नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया। जहां विवाहिता स्त्रियों ने अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि के लिए तीज व्रत रखा, वहीं कुंवारी लड़कियों ने अच्छे जीवनसाथी की कामना के लिए व्रत रखा। इस बार तीज व्रत चार विशिष्ट योगों सर्वार्थसिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष योग का अद्भुत संयोग में मनाया गया। इस योग में पूजा करने से शत प्रतिशत मनोकमनाएं पूरी होने की बात कही गई। हरतालिका तीज पर माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए यह व्रत रखा था, तभी से हरतालिका तीज का चलन महिलाओं में ज्यादा बढ़ गया है। वैसे तो महिलाओं में व्रतों का दौर पूरे वर्ष चलता रहता है, लेकिन भादो महीने में मनाए जाने वाली हरतालिका तीज इन सभी पर्वों में प्रमुख एवं कठिन मानी जाती है। तीज तिथि शुरू होने से लेकर व्रतधारियों का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया था। रात्रि 12 बजे से व्रतधारियों ने एक बूंद पानी भी नहीं पिया। सुबह से ही शिवमंदिरों में महिलाओं और कन्याओं का पहुंचना शुरू हो गया। महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा की। महिलाओं ने फुलहरा सजा कर पूरी रात भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा कर परिवार और पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। रात्रि तीन बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक स्नान कर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन आरती कर नदी, तालाब के घाटों पर फुलहरा विसर्जित किया। सुबह पूजा पाठ करने के बाद ही व्रतधारियों ने पानी पिया।

## खबर संक्षेप

### नगर सहित अंचल में विधिविधान से पंडाल घरों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं विराजित





**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल में गणेश चतुर्थी पर्व पर ज्ञान एवं बुद्धि के दाता भगवान गणेश की प्रतिमाएं विधिविधान से घरों व पंडालों में विराजित की गईं। नगर के वार्ड 13 में प्रज्ञेश्वर गणेश समिति द्वारा बुधवार को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। विधिविधान से पूजा अर्चना कर समिति के सभी सदस्यों सहित नागरिकों ने भगवान गणेश की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार रानी श्याम कुमारी चौक मे पंडित अमन शर्मा के मंत्रोंच्चार के साथ विधिविधान से पूजा अर्चना कर गणेश की प्रतिमा विराजित की गई। रिंग रोड में श्रेया फैशन हाउस, रोहित साहू के निवास के बाहर, नया बस स्टेंड में,शहीद चौक,बाजार के व्यावसायिक परिसर सहित नगर के जगह- जगह एवं घरों मे भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं हैं।

### नुवाखाई पर 28 को जिले में रहेगा अवकाश

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उईके ने जिले के स्थानीय अवकाश की तिथि में संशोधन करते हुए दशहरा (महानवमी) के अवसर पर 1 अक्टूबर 2025 को घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तित किया है। अब उसके बदले नुवाखाई (ऋषि पंचमी) के अवसर पर 28 अगस्त 2025 को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

# सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए रखा तीज का व्रत

**नवापारा-राजिम।** सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए तीजा पर्व के अवसर पर व्रत-उपवास रख धूमधाम से महादेव और पार्वती की पूजा कर भजन कीर्तन के साथ रतजगा किया। बुधवार सुबह सजाए हुए फुलेरा को पवित्र त्रिवेणी संगम में विसर्जित कर अपना उपवास तोड़कर प्रसादी ग्रहण किया।







## आयोजन : बारह कलाओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# जिला स्तरीय कला उत्सव में बिखरी साहित्यिक व संस्कृति की रोचक छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

पारंपरिक लोक कलाओं एवं शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर आधारित जिला स्तरीय कला उत्सव आयोजित किया गया। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रलय,भारत सरकार द्वारा माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचान उसे पोषित करने,शिक्षा में कला को बढ़ावा देने एवं भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहजने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष कला उत्सव का आयोजन किया जाता है। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में बारह कलाओं को सम्मिलित किया गया था। कार्यक्रम में बच्चों का मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर,सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह एवं प्राचार्य वंदना पांडेय द्वारा किया गया।स्वागत उद्बोधन सह प्रतिवेदन वाचन करते हुए नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा के द्वारा कार्यक्रम की विषय वस्तु से अवगत कराया गया। विभिन्न कलाओं के नियम,प्रस्तुतीकरण संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यों का विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी राज्य में गरियाबंद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने



कहा कि कला उत्सव, बाल प्रतिभाओं के साहित्यिक,सांस्कृतिक कला को मंच पर प्रदान करने का हेतु अच्छा प्लेटफार्म है। कला उत्सव,हमारी पारंपरिक धरोहर को सहजने का भी अच्छा माध्यम है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी क्षेत्रीय विलुप्तप्राय कलाओं को राष्ट्रीय पटल पर रेखांकित कर सकते हैं। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा की जीत हार से बड़ा आपकी प्रतिभा का मंचन है। सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह ने कहा कि कला उत्सव, शिक्षा और कला को जोड़कर बच्चों के सृजन शैली को विकसित करने का सरल तरीका है। सही मायनों में कला उत्सव, हमारी संस्कृति और रचनात्मकता की समृद्धि एवं विविधता का प्रतीक है। यह उत्सव आंतरिक विचारों, भावनाओं और विश्वासों को कला कौशल के द्वारा अभिव्यक्त करने का भी माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक,स्काउट मास्टर, योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन सहायक नोडल अधिकारी कपिल सिन्हा ने किया। वहीं ओमेश्वरी वर्मा एवं पुष्पांजलि सिन्हा निर्णायक के रूप में भूमिका का निर्वहन किया।

इस प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन अंतर्गत सात सुरों से आबद्ध विभिन्न थाप एवं रागों का सुंदर समावेश देखने को मिला।सामूहिक गायन में लोकगीत भरथरी,पंडवानी,बांस गीत,आल्हा गीत, जसगीत,फाग गीत,बारहमासी गीत के साथ नशा उन्मूलन पर भी प्रस्तुति हुई। हारमोनियम,तबला,डफली, नाल वादन ने भी समां बांधे रखा। पारंपरिक साज सज्जा से आबद्ध बस्तरिया नृत्य,राजस्थान की घुमर नृत्य,शैला नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति हुई।–श्य कला अंतर्गत रंगोली,मूर्ति कला में हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया गया। वहीं चित्रकार में छत्तीसगढ़ के ग्राम्य जनजीवन एवं संस्कृति को वारली कला द्वारा दर्शाया गया। छत्तीसगढ़ के सुआ नृत्य गौर नृत्य,झारखंड के कर्मा पूजा, केरल के तीज त्यौहार की सुंदर चित्रकारी की गई। सोशल मीडिया एडिक्शन द्वारा गुड इनफ्लुएंस एवं बेड इन्फ्लुएंस का भी चित्रंकन किया गया। बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान निर्माण की कहानी का सचित्र वाचन किया गया। अंचल के पूजनीय देव कचना धुरव के शौर्य,प्रेम,वीरता की अनूठी कहानी भी परोसी गई।छुरा नगर के नामकरण, इतिहास,माता टेंगनही के समृद्ध इतिहास को ही मंच पर प्रस्तुत किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

जिला स्तरीय कला उत्सव में प्रमुख रूप से क्षेत्र के स्कूलों से प्राचार्य पूरन लाल साहू, याचना जोशी,सतीश मालवीय,अजय कुमार साव,कुलदीप भारती,सीमा सिंग,राजेश्वरी वर्मा किरण पदमवार,कुंदन रावत,कल्पना साहू, होरीलाल कुर्रे सहित विभिन्न विकासखंड से आए हुए प्रभारी शिक्षक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# 6 घरों में दबिश, 10 लाख के फर्नीचर और सागौन जब्त, दो हुए गिरफ्तार





**गरियाबंद/ मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व की एंटी पोंचिंग टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन माफियाओं के नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। ओडिशा के सोनपुर जिले में की गई छापेमारी के दौरान टीम ने करीब 10 लाख के सागौन के फर्नीचर- लकड़ी बरामद की है। दो पिकअप वाहनों को भी जब्त किया है, कुल जुमला 20 लाख का बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, टीम जिले के गांवों में 6 घरों पर दबिश दी। यहां से 10 लाख रुपए की कीमती सागौन फर्नीचर- लकड़ी और 10 लाख की कीमत के 2 पिकअप वाहन जब्त किए गए। यही नहीं, सागौन से बने सोफा, कुर्सी और पलंग भी बरामद हुए। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी लंबे समय से उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व के रिसगांव रेंज से हरे-भरे सागौन के पेड़ काटकर ओडिशा ले जाते थे। वहां लकड़ी को फर्नीचर में बदलकर ऊंचे दामों पर बेचते थे।

वन विभाग की बड़ी सफलता

वन विभाग ने इस ऑपरेशन को बड़ी सफलता करार दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जंगल की हरियाली और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। विभाग ने साफ किया है कि जंगल की संपदा पर डाका डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। लंबे समय से स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों की मांग थी कि सागौन तस्करी पर लगाम लगाने कड़े कदम उठाए जाएं। वन विभाग की यह कार्रवाई उसी दिशा में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### दो गिरफ्तार, गिरोह में और भी लोगों के शामिल होने की आशंका

कार्रवाई में टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि तस्करी गिरोह में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। उनकी पहचान और गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है।

# फिंगेश्वर में हुआ साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर।

27 अगस्त को फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में गरियाबंद पुलिस और भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजू साहू, थाना प्रभारी गौतम गावड़े, प्राचार्य देवदास बंजारे, भारतीय स्टेट बैंक शाखा के प्रबंधक, प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम में छात्राओं को डिजिटल युग में साइबर फ्रॉड के बढ़ते खतरों से सावधान रहने की सीख दी गई। थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने फर्जी वेबसाइट, ईमेल, फेक कॉल, मेट्रीमोनियल और डेटिंग ऐप्स के माध्यम से होने वाली ठगी के तरीकों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या





ऑनलाइन लेन-देन करते समय पूरी सतर्कता जरूरी है।

साइबर अपराध के प्रकार से कराया अवगतफिशिंग, पहचान की चोरी, लॉटरी और नौकरी के झांसे, फर्जी वेबसाइट, फेक कॉल, मेट्रीमोनियल एवं डेटिंग ऐप्स के जरिये संवेदनशील जानकारी चुराकर अपराधी लोगों को ठगते हैं। सरकारी अधिकारी या पुलिस अधिकारी बनकर डराना और पैसों की मांग करना भी आम है।

### बताए गए सुरक्षा के उपाय

संदिग्ध कॉल, लिंक या ईमेल पर ध्यान न देना, ऑनलाइन लेन-देन में सतर्क रहना, तुरंत पुलिस या संबंधित अधिकारियों को सूचना देना, और डिजिटल दुनिया में अपनी जानकारी सुरक्षित रखना जरूरी है।



# ग्राम सभा स्थगित, 30 को होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शासन के निर्देशन अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में साधारण ग्राम सभा का बैठक आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में बुधवार को साधारण आम सभा का मीटिंग रखा गया था जिसमें शासन द्वारा कई विभिन्न विषयों पर चर्चा करने हेतु व्यापक रूप से गांव के लोगों को मीटिंग में पहुंचने मुनादी कराया गया था. जिसमें सुबह 11:00 महज कुछ लोगों की उपस्थिति हुई तथा कोरमा पूर्ति के अभाव में उपस्थित सरपंच पंच और आम लोगों के द्वारा साधारण आम सभा को स्थगित किया गया. जिसमें निर्णय लिया गया की 30 अगस्त शनिवार को स्थगित साधारण आम सभा को आयोजित किया जाएगा।

# नुआखाई पर्व के पहले नगर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले में 28 अगस्त को नुआखाई पर्व को शांति, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाने के लिए शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने आज यह आदेश जारी किया। इस अवसर पर पुलिस ने भी गांव–गांव में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को शांति बनाए रखने का संदेश दिया।

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने इस बार नुआखाई पर्व पर छुट्टी देने की घोषणा की थी। जिले के मैनपुर, अमलीपदर, उरमाल, गोहरापदर, देवभोग क्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत लोग यानी करीब 2 लाख लोग नुआखाई पर्व मनाते हैं। नुआखाई पर्व पर शासकीय अवकाश की घोषणा किये जाने को लेकर भाजपा के आदिवासी नेता गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी और जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**पुलिस ने दिखाई सक्रियता :** नुआखाई पर्व को शांति पूर्ण उत्साह से मनाने के लिए पुलिस ने भी अपनी सक्रियता दिखाई। देवभोग थाना प्रभारी फैजुल होदा के नेतृत्व में पुलिस ने बाइक रैली के माध्यम से संवेदनशील



ग्रामों में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को सुरक्षित तरीके से पर्व मनाने का संदेश दिया। इसके पहले शांति समिति की बैठक आयोजित कर ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील भी की गई। गुरुवार को नुआखाई पर्व धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल में मनाया जाएगा। वहीं, शुक्रवार को मनाए जाने वाले बासी पर्व में परंपरा को लेकर पुलिस सतर्कता बरत रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने रचा इतिहास

# हिंदी सलाहकार समिति में नियुक्ति मिलने पर बजाज का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय का नया दायित्व मिलने व सूचना प्रसारण मंत्रालय हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त होने के बाद अपने गृह क्षेत्र अभनपुर पहुंचने पर वरिष्ठ नेता अशोक बजाज का अभनुपर के कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान उन्होने अपने उद्बोधन मे कहा कि पांच दशक के सफर मे आज भी आप लोगो का प्यार, सरकार व संगठन की चाहत बनी हुई है यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है आज गांव से लेकर दिल्ली तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार है ग्राम पंचायत से पालियार्मेंट तक हम है। प्रधानमंत्री जो पूरे दुनियाभर मे से एक क द्दावर नेता है जिनके नेतृत्व मे भारत इतिहास रच रहा है आज विश्व मे भारत का डंका बज रहा है ये मोदी जी का कमाल है,भारत को आत्मनिर्भर एवं स्वालंबी बनाना है कृषि को उन्नत व प्रगतिशील बनाना है यह जिम्मेदारी हम सबकी है सरकार की नीतियां कृषि आधारित है आने वाले समय मे कृषि के साथ



सहकारिता का नया स्वरूप देखने का मिलेगा,हमारे लिए हिन्दी के समृद्धि के लिए 14 सितम्बर का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है कश्मीर से कन्याकुमारी तक हिन्दी की नई पहचान बने इसके लिए आप सभी का विचार हम धीरे धीरे लेगे और भारत सरकार को अवगत करायेगे। आजाद भारत को अखंड रखना है इसके लिए हमे संगठन का काम करना होगा,मेहनत करे तभी लंबे समय तक राजनीति करेगे लंबे समय तक राजनीति करना है तो धैर्य से काम लेना होगा अनुशासन मे रहना पडेग़ा,हमे मोदी जी की मन की बात का सामूहिक रूप से सुनना है और उसका लाभ किस प्रकार हम दिला सकते है उस पर चितंन करना है,हर दफ्तर मे जनता का काम सुलभता के साथ होना चाहिए। श्री बजाज ने प्रधानमंत्री मोदी सहित शीर्ष नेतृत्व व मंडल पदाधिकारयो का आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस मौके पर सभी समाज के पदाधिकारियो ने सामूहिक रूप से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम मे रायपुर जिला ग्रामीण के प्रभारी अशोक पांडेय,जिलाउपाध्यक्ष संतोष शुक्ला,जिला महामंत्री चेतना गुप्ता,मंडल अध्यक्ष भरत बैस,पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,व्यासनारायण साहू,परदेशीराम साहू,सुनील प्रसाद,जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू,नपं.पूर्व उपाध्यक्ष किशन शर्मा, दिलीप अग्रवाल,प्रदीप शर्मा, आईटीसेल संयोजक शांतनु सिन्हा, क चरूलाल भट्टर,अर्जुन धीवर, जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी वरूण राठी,ह्दय राम साहू,लौटन गिलहरे,मनीष साहू,किशोर देवांगन,नारायण यादव, टीकराम यादव, दलजीत चांवला, योगेन्द्र धुरव,नवीन वर्मा,दयालु राम गाड़ा,चेतन साहू,वेदव्यास तारक,हेमंत तारक,किशन सिन्हा, माधो मिरी, मयाराम साहू, संतराम साहू, नेहरू लाल साहू,खोरबाहरा साहू,गुलशन गुलाटी,विजय सिन्हा,आनंदराम साहू, ,हरीश वर्मा, अर्जुन धीवर, कृष्ण संत नामदेव बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने तीज पर्व पर रखा निर्जला व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर सहित अंचल में महिलाओं ने तीज का पर्व भक्ति एवं श्रद्धापूर्वक हर्षोउल्लास के साथ मनाया। ग्राम कौंदकेरा मे सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं ने निर्जला व्रत रखकर महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अच्छे स्वस्थ के लिए तथा कुंवारी कन्याएं अच्छे वर प्राप्त करने के लिए कठोर व्रत का पालन किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरितालिका तीजा व्रत रखने से ही मां पार्वती को भगवान शिव पति के रूप में प्राप्त हुए थे।इसीलिए व्रत की मौके पर भजन कीर्तन मंदिर दर्शन तथा उमा महेश्वर का गुणगान किया गया। ग्राम कौंदकेरा के महादेव मंदिर में महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए लाइन लगी हुई थी। तीजा के मौके पर महादेव के शिवलिंग का आकर्षक स्वरूप दिया गया था जो देखते ही बन रहा था। ।

इसी प्रकार तिजाहरिनों बहिनों ने हाथों मे मेंहदी एवं नई साड़ी पहनकर भगवान की अराधना मे लीन हुए।

# नवाखाई पर्व की धूमः 5 दिनों में बिके 5 करोड़ के कपड़े, बाजारों में उमड़ा उत्सव का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पश्चिम ओडिशा की परंपराओं से प्रभावित गरियाबंद जिले के सीमावर्ती अंचल देवभोग और मैनपुर में नवाखाई पर्व की धूम गुरुवार 28 अगस्त को देखने को मिलेगी। यह पर्व नए अनाज और अन्नदाता के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है। परंपरा के अनुसार इस दिन पूरे परिवार द्वारा एकत्र होकर ईष्ट देव को नए अनाज का भोग लगाया जाता है और फिर उसका प्रसाद ग्रहण किया जाता है। पिछले पांच दिनों से बाजारों में खरीदारों की भीड़ देखते ही बन रही है। खासकर कपड़े और धान की बालियों की बिक्री ने रफ्तार पकड़ ली है। देवभोग व मैनपुर क्षेत्र के सेंटरों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### पांच दिनों में बिक गए 5 करोड़ के कपड़े

देवभोग और आसपास के सेंटरों में पिछले पांच दिनों से कपड़े के बाजार में भारी भीड़ जमा है।दो दर्जन छोटे बड़े दुकान मिलाकर पिछले पांच दिनों में 5 से 6 करोड़ के कपड़े बिक चुके हैं।अन्य जगहों के लिए कपड़े के बाजार मंदा होता है,पर नवाखाई मनाने वाले इलाके में कपड़े के बाजार ग्राहकों से गुलजार होता है।इस बार महिलाओं ने सूरत के डोरा शिल्क और संबलपुरी साड़ी की मांग ज्यादा किया।

### बिकीं नए अनाज की बालियां

बालियों को कभी सीधे किसान अपने खेतों से ले जाया करते थे।लेकिन पिछले कुछ सालों से धान की बालियां अगस्त माह में कम देखने को मिलता है।ओडिसा के खेतों से बलिया देवभोग व मैनपुर विकासखण्ड के बाजार में बिकने आई थी।नए धान की बालियां से चावल निकाल कर चिवड़ा बनाया जाएगा,जिसका भोग इष्ट देव को लगाकर नवाखाई पर्व मनाया जाता है। वही मैनपुर क्षेत्र में भी आज नवाखाई पर्व मनाई जायेगी।

## देवभोग-मैनपुर क्षेत्र में सजी रौनक, ओडिशा परंपरा का दिखा गहरा प्रभाव

### पंचमी और नवमीं को मनाया जाता है नवाखाई पर्व

मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में आज गुरूवार को नवाखाई का पर्व परंपरा अनुसार धुमधाम के साथ मनाई जायेगी। बुजुर्ग वरिष्ठजनो ने बताया पंचमी यानी गुरूवार को नवाखाई पर्व मनाई जायेगी साथ ही नवमीं सोमवार को भी नवाखाई पर्व मनाई जायेगी। मैनपुर नगर में झाखर, पुजारी, बैगा आज नया धान की बाली लोगो के घरो में बांधे है मैनपुर के बुजुर्ग थानुराम पटेल ने बताया मैनपुर नगर में नवमीं को नवाखाई पर्व मनाई जायेगी।






### 28 को गरियाबंद जिले में रहेगा अवकाश

आज गरियाबंद कलेक्टर श्री बी.एस. उईके ने जिले के स्थानीय अवकाश की तिथि में संशोधन करते हुए दशहरा (महानवमी) के अवसर पर 01 अक्टूबर 2025 को घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तित किया है। अब उसके बदले नुवाखाई (ऋषि पंचमी) के अवसर पर 28 अगस्त 2025 को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### पीपरछेड़ी में बनेगा सामुदायिक भवन

**गरियाबंद।** राजिम विधानसभा क्षेत्र विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने एक निर्माण कार्य के लिए 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार फिंगेश्वर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के आश्रित ग्राम पीपरछेड़ी में बजरंग चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 13 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व जनपद पंचायत फिंगेश्वर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

### नाबालिग लड़की को साथ ले फरार हुआ एमपी का युवक, विवेचना जारी

**नवापारा-राजिम।** नवापारा थाना क्षेत्र के सुंदरकेरा गांव से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां 15 साल की नाबालिग लड़की को मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के चुनिया गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। लड़की के पिता ने नवापारा पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि 23 अगस्त को तीजा पर्व मनाने के बाद पिता मायके से वापस आया तो बेटी घर पर नहीं मिली। 24 अगस्त को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी राजा बैगा नामक युवक ने इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया के माध्यम से पिछले एक साल से लड़की से संपर्क रखा था। उसने शादी का प्रलोभन देकर लड़की को फंसाया। 21 अगस्त को वह लड़की के पड़ोसी गांव मंदलोर आया और बेटी के सहेली के घर रात बिताई। 22 अगस्त को विभिन्न जगह घुमाने के बाद लड़की को घर छोड़ा। 23 अगस्त को रायपुर रेलवे स्टेशन से बुलाकर उसे शहडोल ले गया, जहां शारीरिक शोषण भी किया। आरोपी ने लड़की को धमकी दी कि वह इस बात की जानकारी किसी को नहीं देगा, नहीं तो पूरे परिवार को नुकसान पहुंचाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

पुलिस टीम ने नवापारा से शहडोल पहुंचकर आरोपी राजा बैगा और लड़की को सुरक्षित बरामद किया। दोनों से पूछताछ जारी है, वहीं मामले की जांच पुलिस विवेचना विभाग कर रहा है। इस मामले में इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर युवक-युवती के बीच पिछले एक साल से चल रही चैटिंग और मैसेजिंग का खुलासा हुआ है, जिससे लड़की को शादी का झांसा देकर फंसाया गया।

## शोभायात्रा निकाली गई देर रात तक की गई पूजा अर्चना

# मैनपुर में गणेश चतुर्थी की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बुधवार को मैनपुर नगर एवं विकासखण्ड के सभी गांवों में गणेश चतुर्थी बड़े ही श्रद्धा और उमंग के साथ मनाई गई। सुबह से ही घर-घर गणपति बप्पा की स्थापना को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भक्तिमय जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। गणेश पंडालों में सजावट का कार्य सुबह से ही जोरों पर था, भजन-कीर्तन, आरती के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देहारगुड़ा में इस वर्ष गणेशोत्सव का आयोजन बच्चों की भक्ति, रचनात्मकता और संगठनात्मक क्षमता का बेहतरीन संगम रहा। प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल के मार्गदर्शन में बच्चों ने स्वयं भव्य सिंहासन तैयार कर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना की। रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजा विद्यालय परिसर और ढोल-नगाड़ों के साथ मूर्ति का स्वागत कर भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कई बच्चों ने उपवास रखा और आर्थिक सहयोग कर पूजा समिति बनाकर 11 दिनों तक पूजा-अर्चना की जाएगी।

■ गाजे-बाजे के साथ घर-घर विराजे बप्पा











### मैनपुर में गणेशोत्सव की विशेष झलक

मैनपुर नगर एवं आसपास के गांवों में सुबह से ही गणपति प्रतिमा स्थापना और शोभायात्राओं का आयोजन हुआ। भजन-कीर्तन, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से माहौल भक्तिमय रहा। सभी आयु वर्ग के लोग उत्साह से भाग लेकर त्योहार को सफल बनाया।

### शासकीय विद्यालय देहारगुड़ा का आयोजन

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देहारगुड़ा में बच्चों ने अपनी भक्ति और हुनर का प्रदर्शन करते हुए गणेशोत्सव मनाया। बच्चों ने स्वयं सिंहासन बनाया, मूर्ति स्थापना की और पूजा के लिए आर्थिक सहयोग जुटाया। इस आयोजन में पालकों एवं ग्रामीणों ने भी पूर्ण सहयोग दिया।

## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर हुई बैठक कार्यकर्ताओं ने जताया बालमुकुंद मिश्रा पर भरोसा



**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के तत्वावधान में अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व व छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार हुई। कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में प्रदेश प्रभारी नंदलाल देवांगन (महापौर, बिरगांव) और पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल उपस्थित रहे।

■ आवेदन प्रक्रिया शुरू, कई दावेदार मैदान में

बैठक में कांग्रेसजनों का जोश देखने लायक था। नंदलाल देवांगन ने अध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कोई भी इच्छुक सदस्य आवेदन कर सकता है — इसमें न उम्र की बाध्यता है और न ही आरक्षण। कार्यकारिणी गठन में 50-50 संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### ये हैं अध्यक्ष पद के दावेदार

बैठक में अध्यक्ष पद के लिए आवेदन करने वालों में प्रमुख रूप से शामिल हैं: हरीश यादव, जय राम जगत, अवधेश प्रधान, बालमुकुंद मिश्रा, नीलकंठ ठाकुर, पन्नालाल ध्रुव और चेतन ठाकुर। इन सभी ने अलग-अलग प्रस्तावकों के साथ आवेदन पत्र भरा, जिस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। कार्यकर्ताओं का एक बड़ा वर्ग वर्तमान अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा से संतुष्ट नजर आया और उनके कार्यकाल को सराहा।



### संगठन की एकता पर दिया गया जोर

पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा कि आप सभी कांग्रेस के सिद्धांतों और संगठन के प्रति समर्पित हैं, एकता और अनुशासन ही हमारी ताकत है। वरिष्ठ नेता नाथमल शर्मा ने भी सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और सहयोग बनाए रखने की अपील की। शैलेंद्र साहू ने युवाओं को आगे लाने पर जोर देते हुए कहा कि जब तक युवा और माताएं सामने नहीं आएंगी, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू, महिला कांग्रेस की मंजू ध्रुव, पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सोनी, जनपद सदस्य सविता हेमंत यादव, पार्षद शमीम मेमन, इस्माइल भाई, चमनलाल साहू, पंचराम टंडन, सहित मंडल, सेक्टर, कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के महामंत्री प्रहलाद यदु ने किया।

# साहू समाज ने मनाया विश्व तेली दिवस




**राजिम।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा साहू छात्रावास में विश्व तेली दिवस मनाया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने विश्व तेली दिवस के अवसर पर दूरभाष के माध्यम से समाज के सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा समाज शिव का अंश है। हमारे समाज की उत्पत्ति भगवान शिव के पुत्र श्री गणेश जी की जन्म से हुआ है।

राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि साहू समाज का गौरवशाली इतिहास एवं परंपरा है आजादी के पूर्व भारत भ्रमण में आए अंग्रेज विद्वान मानवशास्त्री आर वी रसेल ने अपनी पुस्तक ट्राइब्स एंड कास्ट ऑफ सेंट्रल प्रोवींसेस में लिखा है कि तेली समाज की उत्पत्ति भगवान गणेश जी के जन्मदिन से हुआ है। उन्होंने अपनी पुस्तक में 16पृष्ठों में तेली समाज के उदभव विकास एवं रीति रिवाज रहन-सहन के बारे में विस्तार से लिखा है। अर्थात तेली समाज की उत्पत्ति गणेश चतुर्थी को हुआ है। विगत कुछ वर्षों से आज ही के दिन विश्व तेली दिवस मनाया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद :** विश्व तेली दिवस समारोह में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष भोले साहू, संगठन मंत्री विष्णु साहू, तरुण साहू, राजू साहू, दिनेश्वर साहू छोटू, यांशु साहू, मल्टी मूव स्कूल के डायरेक्टर चेतन मेघवानी मौजूद थे।

### तीज पर पोंड के युवाओं ने किया पौधारोपण

**पाण्डुका।** ग्राम पोंड के वृक्ष मित्र ग्रुप द्वारा क्षेत्र के एक मात्र मिनी स्टेडियम में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें कटहल, जामुन, अशोक व अमरूद के पौधे का रोपण किया गया व पूर्व में रोपे गए पौधे का साफ सफाई व क्यारी बनाया गया जिसमे बारिश का पानी सही रूप से पौधे को मिल पाए।

गांव में एक नवीन सार्थक पहल की शुरुआत गांव के ऊर्जावान युवा व ग्रुप के सदस्य पूर्णाचंद साहू ने अपने जन्मदिवस के अवसर में पेड़ लगाया गया और उस पेड़ का संरक्षण का संकल्प लिया। जो गांव में अपने जन्मदिवस को एक पेड़ जन्मदिवस के अवसर में लगाने की गांव में एक नया मुहिम की शुरुआत की साथ में पेड़ के संरक्षण का जिम्मा उठाए उसमें लगने वाला खर्च का वहन और पौधे को पेड़ का आकार तक सेवा का वचन लिए सभी सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया और साथ में पौधे का देखभाल व आर्थिक निर्वहन का जिम्मा उठाए साथ में स्टेडियम में साफ सफाई किया गया जिसमे मुख्यरूप से राजीव साहू, दीपक नाग, पंकज विश्वकर्मा, पूर्णाचंद साहू,हेमंत दाऊ, भूपेंद्र साहू, गोपाल साहू, चम्पेश्वर साहू, व कुलेश्वर साहू उपस्थित रहे।



## सती नाला पुल निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में रोष

**मैनपुर।** मैनपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र दर्रीपारा मुख्यमार्ग स्थित सती नाला में लंबे समय से पुल निर्माण का इंतजार कर रहे ग्रामीणों ने अब ठोस कार्रवाई नहीं होने पर कलेक्टर कार्यालय के समक्ष ज्ञापन सौंपकर चक्काजाम आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्राम पंचायत आमदी, दर्रीपारा, दसपुर, रावनडिग्गी, कोसमी, जोबा, खुरसीपार एवं बेनपुरा के सरपंच और ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में नाला पुल न होने के कारण आवागमन ठप हो जाता है और जीवन व्यावस्था प्रभावित होती है।

ग्रामीणों ने कहा कि चंदनबाहरा डेम निर्माण, कोसमी से बिन्द्रानवागढ़ सड़क निर्माण, बिन्द्रानवागढ़ एवं रावनडिग्गी से गोबरा तक सड़क निर्माण, कोसमी डेम मरम्मत सहित अन्य कई समस्याओं के समाधान हेतु बार-बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। मजबूर होकर अब उन्होंने आंदोलन की रणनीति बनाई है।



**सती नाला की समस्या :** सती नाला में पुल निर्माण नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में नाला का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो जाता है। इससे लोगों को स्कूल, अस्पताल और बाजार तक जाने में गंभीर परेशानी होती है। ग्रामीण कई बार प्रशासन से समाधान की गुहार लगा चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

**अन्य विकास कार्यों की मांग :** ग्रामीणों ने क्षेत्र में चंदनबाहरा डेम का निर्माण, कोसमी से बिन्द्रानवागढ़ तक सड़क निर्माण, बिन्द्रानवागढ़ एवं रावनडिग्गी से गोबरा तक सड़क निर्माण, और कोसमी डेम की मरम्मत समेत अन्य विकास कार्यों की भी मांग की है। वे इन मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।




Ajay Advt.


## सरपंच व सचिव की मौजूदगी में पंचायत आय-व्यय और कार्यों की विस्तृत समीक्षा

# ग्राम सभा में उठाए गए विकास के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला में 26 अगस्त को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ की गई। सभा की अध्यक्षता श्यामा बाई ठाकुर ने की, जबकि आयोजन की अगुवाई सरपंच रुपादेवी ठाकुर व संचालन पंचायत सचिव रूपसिंह यादव ने किया।

■ सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग प्रमुख रही

ग्राम सभा के दौरान ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं, पंचायत की आय-व्यय और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने सीसी रोड, नाली निर्माण सहित बुनियादी सुविधाओं की मांग रखी। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखा, जिन पर प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजे जाने की प्रक्रिया अपनाई गई। सभा में उपस्थित पंचगण पीला बाई ठाकुर, सरिता ठाकुर, रजनी बाई यादव, देवकी ठाकुर, पुरोहित यादव समेत अनेक ग्रामीणों ने इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी दिखाई। ग्रामवासियों ने पंचायत के कार्यों को सराहा और विकास की गति तेज करने की मांग की।



### ग्राम सभा का महत्व

ग्राम सभा का आयोजन हर साल चार बार किया जाता है। यह पंचायत का ऐसा मंच होता है जहां ग्रामीणों को योजनाओं की समीक्षा, स्थानीय मुद्दों पर सुझाव, और विकास कार्यों की निगरानी का अवसर मिलता है। साथ ही यह ग्राम पंचायत विकास योजना को मंजूरी देने का भी महत्वपूर्ण जरिया होता है, जिससे जन भागीदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है।

### विकास कार्यों पर हुई चर्चा

ग्राम सभा में मनरेगा, पेंशन योजना, आवास योजना, नल-जल योजना व पंचायत के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न वार्डों के ग्रामीणों ने सीसी रोड, नाली, और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को सभा में प्रस्तुत किया। ग्राम के लोकराम यादव (पटेल), परमेश्वर यादव (उपसरपंच), बिग्रेंद्र ठाकुर (पूर्व सरपंच), कमलेश्वर नायक समेत कई जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अपने विचार साझा किए।




Ajay 9827144371

